# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

16 अक्टूबर 2023, सोमवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में आयोजित परिवर्तन संकल्प महासभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**विशाल जनसमूह का उत्साह देखकर इतना प्रतीत हो रहा है कि 3 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में कमल खिलने वाला है। ये विधान सभा चुनाव आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के भविष्य को स्वर्णिम बनाने का चुनाव है।**

**********************

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भ्रष्टाचार करने की पराकाष्ठा करते हुए छतीसगढ़ में "30 टका भूपेश कका सरकार" बनाकर चलाया है। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस दरबार का एटीएम बना दिया, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता नहीं, केवल गाँधी परिवार खुशहाल है।**

**********************

**कांग्रेस ने अपनी वोट बैंक की राजनीति के चलते भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी। अगर कांग्रेस फिर से चुनकर आती है तो यही तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस पार्टी आगे बढ़ाएगी। भाजपा सरकार बनते ही भुनेश्वर साहू को न्याय दिलाया जाएगा।**

**********************

**भूपेश बघेल सरकार ने 2000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 550 करोड़ रुपये का कोयला परिवहन घोटाला, गरीब कल्याण अन्न योजना में 5000 करोड़ रुपये का घोटाला, 1300 करोड़ रुपये का गौठान घोटाला, 600 करोड़ रुपये का पीडीएस घोटाला और 5000 करोड़ रुपए का महादेव ऐप घोटाला किया।**

**********************

**भूपेश बघेल सरकार कटकी और बटकी की सरकार है। कांग्रेस ने राज्यों के लिए दिए गए अपने 315 वादे तो पूरे नहीं किए परंतु एटीएम लगाकर छत्तीसगढ़ की जनता का पैसा दिल्ली के कांग्रेस दरबार में भेजने का काम जरूर किया। भाजपा की सरकार बनते ही भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूली जाएगी।**

**********************

**जैसे फूड चेन बनते हैं, ठीक वैसे ही भूपेश बघेल सरकार ने पटवारी से लेकर मुख्यमंत्री तक के करप्शन का चेन बनाया, छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई लूटी और लूट का पैसा दिल्ली में एक परिवार के दरबार तक पहुंचा।**

**********************

**भूपेश बघेल सरकार ने प्रत्येक महतारी को सम्मान योजना का लाभ देने, प्रत्येक घर को चार गैस सिलिंडर देने, 50 हजार अतिरिक्त शिक्षक की भर्ती करने, संपत्ति कर 50 प्रतिशत कम करने, पूर्ण शराब बंदी करने और बिजली बिल आधा करने का वादा किया था लेकिन क्या हुआ इन वादों का, जवाब दीजिये।**

**********************

**यूपीए सरकार ने 2004-2014 के बीच छत्तीसगढ़ को केवल 77 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए, जबकि मोदी सरकार ने 2014-2023 के बीच विकास कार्यों के लिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए।**

*********************

**छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्वस्तरीय पहचान देने के लिए राजभाषा बनाकर इसे सम्मान देने का काम और किसानों को 14% ब्याज से मुक्त करने का काम भाजपा सरकार ने किया है।**

*********************

**भाजपा शासन में छत्तीसगढ़ खाद, पोषण, कौशल विकास, 150 दिन के रोजगार, महिला मजदूर को मातृत्व अवकाश और माताओं-बहनों को पंचायत चुनाव में 50% आरक्षण देने वाला भारत का प्रथम राज्य बना था।**

*********************

**आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राजनांदगांव को 370 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज, 330 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर, 48 करोड़ की लागत से शिवनाथ नदी परिवर्तन योजना, 18 करोड़ रुपये की लागत से पेंड्री में आवास, 15 करोड़ रुपये की लागत से मातृ शक्ति अस्पताल और वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी गई।**

*********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने आज सोमवार को राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी के नामांकन में हिस्सा लिया और इससे पहले उन्होंने स्टेट स्कूल मैदान, राजनांदगांव में आयोजित भाजपा की विशाल परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित किया। श्री शाह के साथ सभा में राजनांदगांव प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, डोंगरगढ़ से भाजपा प्रत्याशी श्री विनोद खांडेकर, डोंगरगांव से भाजपा प्रत्याशी श्री भरत वर्मा एवं खुज्जी से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता साहू भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री अरुण साव, सांसद सुश्री सरोज पांडेय एवं बिरनपुर हिंसा में मारे गए भुनेश्वर साहू के पिता एवं भाजपा प्रत्याशी श्री ईश्वर साहू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपास्थित थे। श्री शाह ने जनसभा में गर्जना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भ्रष्टाचार करने की पराकाष्ठा करते हुए छतीसगढ़ में "30 टक्का भूपेश कका सरकार" बनाकर चलाया है। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस दरबार का एटीएम बना दिया, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता नहीं, केवल गाँधी परिवार खुशहाल है।

श्री शाह ने कहा कि श्री भूपेश बघेल की **तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति के कारण छत्तीसगढ़ के बेटे भुनेश्वर साहू को लिन्चिंग करवाकर मार दिया गया**। भाजपा ने तय किया है कि हम श्री भुनेश्वर साहू के हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे, इसलिए भाई भुनेश्वर साहू के पिता श्री ईश्वर साहू को भाजपा ने छत्तीसगढ़ चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया है। आज राजनांदगांव में प्रत्याशियों का नामांकन **रैली में इतना विशाल जनसमूह मेरे सामने है, आपका उत्साह देख कर मैं भरोसा लेकर जा रहा हूँ कि 3 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में कमल खिलने वाला है।** मैं पार्टी के सभी प्रत्याशियों को करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से शुभकामनाएँ देना चाहता हूँ। छत्तीसगढ़ में चुनाव घोषणा के बाद पहली बार रैली हो रही है, मैं छत्तीसगढ़ को याद दिलाना चाहता हूँ कि **छत्तीसगढ़ को हमारे प्रिय प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बनाया था**। कांग्रेसियों के शासन के अंदर पुराना मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य बन गया था, परंतु भाजपा की सरकार बनने के बाद डॉक्टर रमन सिंह मुख्यमंत्री बने, **15 साल में इस बीमारू राज्य को विकसित राज्य बनाने के काम डॉ रमन सिंह ने किया**। राजनांदगांव में 15 साल में, चाहे पिछड़ा बहुल क्षेत्र हो, दलित बहुल क्षेत्र हो, सुरग और भिलाई के कोसमोपोलिटन इलाके हों या आदिवासियों के क्षेत्र हो, हर क्षेत्र को सम्पूर्ण विकसित करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी **भाषा को सम्मान देकर इसे राजभाषा बनाने का काम भाजपा सरकार ने किया**। **किसानों को 14% ब्याज से मुक्त करने का काम हमारी रमन सिंह सरकार ने किया।** देशभर मे पीडीएस सबसे अच्छी और सुचारु व्यवस्था छत्तीसगढ़ में रहीं, जिसके परिणामस्वरूप **श्री रमन सिंह को जनमानस द्वारा चावल-वाला-बाबा कह कर भी**

**पुकारा गया**। पूर्व की **भाजपा शासित श्री रमन सिंह की सरकार में ट्राइबल, ओबीसी और दलित को उनके अधिकार देने का काम किया गया।** उन्होंने आगे कहा कि हमने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में ढेर सारे कदम उठाए जबकि श्री भूपेश बघेल ने पांच साल के कार्यकाल में क्या किया, इसका हिसाब किताब देना चाहिए। उन्होंने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें पता है कि हिसाब-किताब देने का स्वभाव भूपेश बघेल का नहीं रहा है। आप विकास का हिसाब-किताब नहीं करते हो बल्कि बेचारे अपने नेता ताम्रध्वज साहू से हिसाब-किताब करने में व्यस्त रहते हो।

श्री शाह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव एक सरकार बनाने या विधायक चुनने का चुनाव नहीं हैं बल्कि **आने वाला चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के भविष्य को स्वर्णिम बनाने का चुनाव है**। प्रत्येक छत्तीसगढ़िया का एक-एक वोट मोदी जी के नेतृत्व में स्वर्णिम छत्तीसगढ़ी बनाने के लिए देना है। उन्होंने कहा कि **भाजपा के 15 साल के शासन में छत्तीसगढ़ राज्य की जनता को खाद और पोषण की सुरक्षा देने वाला भारत का सबसे पहला राज्य बना। चाहे कौशल विकास के अधिकार की बात हो या 150 दिन तक रोजगारी सुनिश्चित करने की, महिला मजदूर को मातृत्व अवकाश मिलने की या राज्य कि माताओं-बहनों को पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला पहला राज्य छत्तीसगढ़ बना।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस दरबार का एटीएम बना कर रखा है। **छत्तीसगढ़ के दलित युवा और पिछड़े वर्ग के लोगों का पैसा भी इस एटीएम (श्री भूपेश बघेल) की मदद से कांग्रेस के दिल्ली दरबार की तिजोरी में भरा जाता है**। जैसे फूड चेन बनते हैं, ठीक वैसे ही भूपेश बघेल की सरकार ने पटवारी से लेकर मुख्यमंत्री तक के करप्शन का चेन बनाया। भूपेश बघेल की सरकार ने करप्शन चेन बनाकर छत्तीसगढ़ को लूटा और लूट का पैसा दिल्ली तक पहुंचा। घोटालों की इतनी बड़ी सूची, मैंने मेरे सार्वजनिक जीवन में कभी नहीं देखी। **2,000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला, 550 करोड़ का कोयला परिवहन घोटाला, प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना में 5,000 करोड़ का घोटाला किया, 1,300 करोड़ से ज्यादा का गौठान घोटाला, 600 करोड़ का पीडीएस घोटाला, साथ ही महादेव एप का 5,000 करोड़ का घोटाला - यह सब इस भूपेश बघेल सरकार में हुआ।** भूपेश सरकार ने तो बच्चों की नौकरियों को भी नहीं छोड़ा। पब्लिक सर्विस कमीशन कर के बच्चों की नौकरियों में भी कटकी (कमिशन) लेने का काम किया है। **भूपेश बघेल सरकार कटकी और बटकी की सरकार** है। उन्होंने आगे कहा कि यहाँ लोगों को विकास करने वाली सरकार चाहिए, मोदी जी के नेतृत्व में आगे ले जाने वाली सरकार चाहिए।

श्री शाह ने भूपेश बघेल से सवाल करते हुए कहा कि आपकी सरकार ने ढेर सारे वादे किये, प्रत्येक महिलाओं को महतारी सम्मान योजना व चार मुफ़्त सिलिन्डर देने के वादे का क्या हुआ? 50,000 अतिरिक्त शिक्षक भर्ती, शहरी क्षेत्रों में संपत्ति कर 50% कम करने का वादा, राज्य में पूर्ण शराब बंदी करने वाले थे, बिजली का बिल आधा करने वाले थे, इन सबका क्या हुआ? भूपेश सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता को इन सबका जवाब देना चाहिए। मैं आज छत्तीसगढ़ की जनता को बताने आया हूँ कि भूपेश बघेल के शासन में राज्य के दलित,आदिवासी व ओबीसी का जीवन बदहाली में बीत रहा है। **अगर आज प्रदेश में सबसे ज्यादा कोई में खुशहाल है तो अकेला गांधी परिवार है। कांग्रेस ने अपनी वोट बैंक की राजनीति के चलते भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी। अगर कांग्रेस फिर से चुनकर आती है तो यही तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस पार्टी आगे बढ़ाएगी।** उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता से आग्रह करते हुए कहा कि एक बार **छत्तीसगढ़ में कमल फूल की सरकार बना दो, जिन्होंने भी भ्रष्टाचार किया है उनसे पाई-पाई वसूलेंगे** और उनको उलटा लटकाकर सीधा करने का काम, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने पूरे देश का सम्मान बढ़ाने का काम इस देश के प्रधानमंत्री ने किया है। हाल में ही विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया। चंद्रयान की सफल यात्रा हो या G-20 की मेजबानी, छत्तीसगढ़ व देश के नागरिकों के लिए यह गौरवमायी क्षण था। उन्होंने राजनन्दगांव के लोगों को अवगत कराया कि **आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 370 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बना। 330 करोड़ के फ्लाइओवर, 48 करोड़ की लागत से शिवनाथ नदी परिवर्तन योजना, 18 करोड़ से पेंडरी में निवास स्थान बनाने की सौगात भी भाजपा सरकार ने दी है। मातृ शक्ति के कल्याण हेतु भाजपा ने 15 करोड़ की**

**लागत वाला अस्पताल भी उपहार स्वरूप दिया है। साथ ही, शिक्षा क्षेत्र में उत्थान के लिए 13 करोड़, मोडेल कॉलेज निर्माण के लिए 10 करोड़ और छत्तीसगढ़ को वन्दे भारत ट्रेन की सौगात भी श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने दी है।**

श्री शाह ने भूपेश बघेल पर हमला साधते हुए कहा कि केंद्र में यूपीए की सरकार थी, उसने 2004-2014 के कार्यकाल बीच केवल 77 हजार करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ को 10 साल के आवंटित किये गए जबकि **श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014-2023 के बीच 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दिया है**। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत राज्य के लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। **भाजपा ने नक्सलवाद पर नकेल कसी**। इसके साथ ही, श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के 24 लाख घरों में स्वच्छ जल पहुंचाने का काम किया। 2 करोड़ गरीब छत्तीसगढ़ वासियों का 5 लाख रुपय तक का स्वस्थ का खर्च उठाने का दायित्व हमारी सरकार ने उठाया है। 30 लाख माताओं के घर में शौचालय का निर्माण, लगभग 6 लाख माताओं को गैस का सिलेंडर, लगभग 11 लाख लोगों को अपना घर देने का काम भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने साकार किया है। **कांग्रेस ने राज्यों के लिए दिए गए अपने 315 वादे तो पूरे नहीं किए परंतु एटीएम लगाकर छत्तीसगढ़ की जनता का पैसा दिल्ली के कांग्रेस दरबार में भेजने का काम जरूर किया।**

श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनता से सवाल पूछते हुए कहा कि जिन्होंने (कांग्रेस) छत्तीसगढ़ के भविष्य को बर्बाद किया है, उस भूपेश बघेल को फिर से मौका दे सकते है क्या? जिस तरीके से भुवनेश्वर साहू को रौंद- रौंद कर उनकी हत्या की गई, उस सरकार को रीपीट कर सकते है क्या? अंत में उन्होंने राजनांदगांव की जनता से भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लेते हुए भाजपा के सभी प्रत्याशियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

*********************